हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 26 दिसंबर 2025

11 महाराजा सूरजमल ने मुगलों के अत्याचार का किया था मुकाबला...



12 अब लोगों को घर बैठे मिल रहा योजनाओं का लाभ : बबली



# एसआईआर : 2002 के बाद की विवाहिताएं मायके से रिकार्ड मंगवाकर रख लें, ताकि वोटर लिस्ट मिलान में दिक्कत न हो

## तीन हलकों में 708 बूथ पर 7 लाख से अधिक वोटर्स का होगा मिलान, अब तक 4 लाख का हो चुका मिलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

■ बीएलओ बारीकी से मतदाता सूचियों के मिलान में जुटे


प्रदेश में भले ही अभी एसआईआर नहीं हो रही लेकिन इसकी तैयारी तेज गति से हो रही है। जिले में 708 बूथ पर बीएलओ 2002 की वोटिंग लिस्ट को आधार मानकर जिले में मतदाताओं के मिलान में जुटे हुए हैं। इसका काम तेज गति से चल रहा है। इनमें उन महिलाओं की रिकॉर्ड में दिक्कत होगी जिनका विवाह 2002 या फिर उसके बाद हुआ है। ऐसी महिलाएं अपना रिकॉर्ड मायके से मंगाकर रखें ताकि जरूरत पड़ने पर काम आ सके। इसके लिए निर्वाचन कार्यालय गांव-गांव मुनादी कराने की तैयारी कर रहा है। उन महिलाओं को एसआईआर के दौरान वोटर लिस्ट मिलान के लिए दस्तावेज दिखाने पड़ सकते हैं। विभाग द्वारा महिलाओं को बताया जाएगा कि वे 2002 में अगर जिले की मतदाता में सूची में उनका नाम नहीं था तो उनके पिता के गांव में होगा। वहां से अपना रिकार्ड मंगवा कर रख लें। यदि वहां भी सूची में नाम नहीं तो पिता का रिकार्ड मंगवा रिकार्ड बताना होगा। जिले अब तक 60 प्रतिशत से अधिक मतदाता सूची के मिलान काम हो चुका है। बीएलओ बारीकी से मतदाता सूचियों सूचियों के मिलान में जुटे हैं।

### किस विस में कितने बूथ, कितने वोटर

| विधानसभा | पुरूष | महिला | ट्रांसजेंटर | बूथ |
|---|---|---|---|---|
| टोहाना | 121485 | 110104 | 3 | 233 |
| फतेहाबाद | 136508 | 123040 | 10 | 244 |
| रतिया | 119128 | 109334 | 4 | 231 |
| कुल | 377121 | 342478 | 17 | 708 |

### वोटर लिस्ट की गड़बड़ी दूर करना उद्देश्य

बीएलओ को जिले की तीन विधानसभाओं में 708 बूथ पर 3 लाख 77 हजार 121 मतदाताओं का मिलान करना है। बीएलओ ने करीब 4 लाख से अधिक वोटर्स की सूची का मिलान मिलान किया है। इसका उद्देश्य मतदाता सूचियों में गड़बड़ियों को दूर करना है।




### 60 प्रतिशत मतदाताओं के रिकॉर्ड का मिलान हुआ : तहसीलदार

जिन राज्य में एसआईआर चल रही है। उन राज्यों में जिले के तमाम लोग निवास करते हैं। इसके साथ एसआईआर को लेकर तमाम लोग 2002 की मतदाता सूची में हमारा नाम है कि नहीं जानने लिए जिला निर्वाचन कार्यालय पहुंच रहे हैं। यही अन्य राज्यों में रहने वाले लोग अपना मत का भाग संख्या या फिर अन्य जानकारी कर रहे हैं। इन स्थितियों को देखते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ के साथ जिला निर्वाचन कार्यालय में प्रत्येक विधानसभा में दो-दो लोगों की तैनाती कर रखी है। जो लोगों की शिकायतों का निपटान कर रहे हैं। वोटर लिस्ट में नाम है या नहीं जानने को रोज आ रही 10-15 शिकायतें आ रही हैं।

### मिलान के बाद होगा सत्यापन

एसआईआर की कभी भी शुरुआत हो सकती है, इसके तैयारियां चल रही हैं। वर्ष 2002 और 2024 की मतदाता सूची का मिलान किया जा रहा है। अब तक 60 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं के रिकॉर्ड का मिलान किया जा चुका है। इसके बाद भौतिक सत्यापन होगा। इसी प्रक्रिया के दौरान ही पता चल जाएगा कि कौन से मतदाता यहां से शिफ्ट हो गए हैं, मृत्यु हो गई है। इसी माह में मैपिंग का कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

-सतबीर सिंह, कानूनगो, चुनाव कार्यालय फतेहाबाद

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब तस्करी के मामले में व्यक्ति काबू

**फतेहाबाद।** अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एएनसी स्टाफ फतेहाबाद ने एक आरोपी को अवैध शराब सहित काबू किया है। एएनसी स्टाफ टीम प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि 23 दिसंबर को पुलिस टीम बस अड्डा गांव भिरडाना के पास गश्त व अपराध रोकथाम हेतु मौजूद थी। इसी दौरान सूचना मिली कि प्रदीप कुमार उर्फ बिट्टू पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी गांव भिरडाना अवैध हथकड़ी शराब बेचने का काम करता है और वह बस अवैध शराब लेकर बेचने के लिए जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की।

### रास्ता रोककर किया हमला, छठा आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** थाना सदर रतिया पुलिस ने रास्ता रोककर जानलेवा हमला करने के एक मामले में कार्रवाई करते हुए छठे आरोपी को गिरफ्तार कर वारदात में प्रयुक्त हथियार बरामद किया है। थाना सदर रतिया के प्रभारी निरीक्षक बिजेन्द्र ने बताया कि बलदेव सिंह निवासी ढाणी रायपुर ने 8 नवंबर को अपना बयान दर्ज कराया कि 6 नवंबर को सहनाल मार्ग पर आरोपियों ने शिकायतकर्ता व उसके भाई का रास्ता रोककर लोहे की रॉड व गंडासी से हमला कर गंभीर चोटें पहुंचाई।

### सड़क हादसे में स्कूल वैन चालक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** बीघड़ रोड पर हुए सडक़ हादसे के मामले में कार्रवाई करते हुए शहर फतेहाबाद पुलिस ने आरोपी स्कूल वैन चालक को गिरफ्तार कर दुर्घटना में प्रयुक्त वाहन को बरामद किया है। थाना शहर फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि 21 दिसंबर को शिवराज पुत्र रणबीर सिंह निवासी बीघड़ ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी।

### चेक बाउंस मामले में भगोड़े को पकड़ा

**सिरसा।** पुलिस टीम ने चेक बाउंस मामले में वांछित भगोड़े को गांव अलीकां क्षेत्र से पकड़ा है। प्रभारी इंस्पेक्टर जनकराज ने बताया कि अदालत द्वारा आरोपियों को बार-बार नोटिस देने पर भी आरोपी अदालत में हाजिर नहीं हुआ। अदालत के आदेशों की अवहेलना करने पर अदालत ने आरोपी को बीती 8 सितंबर को पीओ घोषित किया था।

### फतेहाबाद क्रिकेट लीग को लेकर ट्रायल 28 को

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन की बैठक सचिव नरेश कुलडिय़ा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी प्रतियोगिताओं के आयोजन को लेकर चर्चा की गई। सचिव नरेश कुलडिय़ा ने बताया कि फतेहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा नववर्ष के उपलक्ष्य में अंडर-12 व अंडर-15 ब्वॉयज की फतेहाबाद क्रिकेट लीग नाम से चैम्पियनशिप का आयोजन किया जाएगा।

## कालांवाली मंडी क्षेत्र में पुलिस की कार्रवाई

# अवैध पिस्तौल सहित युवक को किया गिरफ्तार, नौ मामलों में है आरोपी

**सिरसा।** पुलिस ने अवैध पिस्तौल सहित एक युवक को कालांवाली मंडी क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए आरोपी के खिलाफ मारपीट, हत्या के प्रयास, एनडीपीएस एक्ट व आम्र्ज एक्ट के नौ अभियोग विभिन्न थानों में दर्ज हैं। सीआईए कालांवाली प्रभारी सुरेश कुमार ने गुरुवार को बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान लखविंद्र सिंह निवासी गदराना, जिला सिरसा के रूप में की गई है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि गदराना माइनर के पास एक युवक संदिग्ध हालत में घूम रहा है, जिस पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर युवक को काबू कर लिया। तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक अवैध पिस्तौल व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने युवक का आपराधिक रिकार्ड खंगाला तो पता चला कि आरोपी के खिलाफ विभिन्न पुलिस थाना में नौ मामले दर्ज हैं। इसके अलावा पुलिस ने अवैध पिस्तौल बरामदगी मामले में दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। सीआईए प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने गांव मटदादू से हरप्रीत सिंह को अवैध पिस्तौल व जिंदा कारतूस सहित काबू किया था।



अवैध पिस्तौल सहित पकड़ा गया आरोपी।

## विशेष प्रदर्शनी के माध्यम से दिखाई जाएगी साहिबजादों की शौर्य गाथा

चौधरी देवी लाल विवि में होगा कार्यक्रम का आयोजन

# मुख्यमंत्री आज सिरसा में राज्य स्तरीय समारोह में लेंगे हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

हरियाणा सरकार द्वारा 26 दिसंबर को सिरसा में साहिबजादा जोरावर सिंह व साहिबजादा फतेह सिंह के सर्वोच्च बलिदान को समर्पित राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस ऐतिहासिक समारोह का आयोजन चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय के मल्टीपर्पज हॉल में किया जाएगा। समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। जिला प्रशासन द्वारा राज्य स्तरीय समारोह को लेकर सभी पुख्ता इंतजाम किए हैं। अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत व पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन ने वीरवार को समारोह स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वीरेंद्र सहरावत ने कहा कि समारोह में संगत को वीर साहिबजादों की शौर्य गाथा से परिचित करवाने के लिए सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा एक विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गई है। प्रदर्शनी में चित्रों, पोस्टरों और ऐतिहासिक संदर्भों के माध्यम से उस दौर के संघर्ष को जीवंत किया जाएगा। इस समारोह में वक्ताओं द्वारा साहिबजादों के बलिदान व त्याग पर प्रकाश डाला जाएगा।



सिरसा। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते एडीसी व एसपी। फोटो : हरिभूमि

### अधिकारियों को निर्देश

अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत व पुलिस अधीक्षक ने समारोह स्थल पर सुरक्षा, पार्किंग, पेयजल और बैठने की व्यवस्था व अन्य प्रबंधों का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि समारोह में आने वाली संगत को कोई परेशानी नहीं आनी चाहिए। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए जा रहे हैं और यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए रूट डायवर्जन का प्लान भी तैयार किया गया है। समारोह स्थल पर जाने के लिए सीडीएलयू के गेट नंबर दो (मिनी बाइपास) से प्रवेश करवाया जाएगा। इसी गेट से वाहनों को प्रवेश करवा कर सीवी रमन भवन के पीछे व डा. अंबेडकर भवन के पास पार्किंग बनाई गई है। इसी प्रकार मीडिया की पार्किंग आईटी सेंटर के सामने बनाई गई है।

### चूरापोस्त सहित आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** एंटी नारकोंटिक्स सेल की एक पुलिस टीम ने गश्त के दौरान रेलवे स्टेशन डिंग मंडी क्षेत्र से एक युवक को 14 किलो 468 ग्राम चूरापोस्त गिरफ्तार किया है।
सेल प्रभारी सब इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह ने बताया कि एंटी नारकोटिक्स सेल की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान नजदीकी रेलवे स्टेशन डिंग मंडी क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान एक युवक पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक वापस मुडक़र भागने का प्रयास किया। शक के आधार पर युवक की नियमानुसार राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से 14 किलो 468 ग्राम चूरापोस्त बरामद हुआ। आरोपी की पहचान सचिन पुत्र मोटा सिंह निवासी थेहड़ी मोहर सिंह जिला सिरसा के रूप में हुई है। सेल प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना डिंग में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्जकर जांच शुरू की है।

### हर्षोल्लास से मनाया क्रिसमस का त्योहार

**रतिया।** क्रिसमस के अवसर पर मुक्ति द्वार चर्च के तत्वाधान में पूजा कैसल में क्रिसमस महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में लोगों ने सामूहिक आराधना में भाग लिया।पास्टर छिंदरपाल ने प्रेम, शांति, एकता और भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने यीशु मसीह के जन्म की कहानी साझा करते हुए बताया कि यीशु मसीह इस संसार में लोगों को बुराई और पाप से दूर करने तथा उन्हें सच्चे परमेश्वर से जोडऩे के लिए आए। उन्होंने कहा कि यीशु मसीह का संदेश समाज को जोडऩे और जीवन को बदलने का संदेश है। इस अवसर पर विभिन्न संस्थाओं द्वारा सेवा कार्य किए गए तथा एक मेडिकल कैंप भी लगाया गया, जिसमें लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराई गई।

## वार्ड नंबर 5 में मास्टर चिमनलाल के घर जींद-हिसार-सिरसा से पहुंचे लोग

# क्रिसमस के बहाने धर्म परिवर्तन का आरोप सैकड़ों की भीड़ जुटते ही मोहल्ले में हंगामा

■ युवाओं ने लगाया लोभ-लालच का आरोप, नारेबाजी के बीच कार्यक्रम बीच में बंद, पुलिस ने संभाली स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

शहर के वार्ड नंबर 5 स्थित ढक्की पर बड़ा मोहल्ला में गुरुवार को यीशु मसीह के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान उस समय तनाव की स्थिति बन गई, जब वार्ड के कुछ लोगों को धर्म परिवर्तन कराए जाने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही वार्ड नंबर 4 और 5 के कई युवक मौके पर पहुंचे और ईसाई मिशनरी गतिविधियों का आरोप लगाते हुए विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया। बढ़ते विरोध के चलते कार्यक्रम को बीच में ही रोकना पड़ा। जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 5 में मास्टर चिमनलाल के निवास पर क्रिसमस डे के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें जींद, हिसार, सिरसा और कैथल जिलों से सैकड़ों लोग शामिल होने पहुंचे थे। इसी दौरान मोहल्ले के कुछ लोगों को आशंका हुई कि कार्यक्रम की आड़ में गरीब और जरूरतमंद लोगों को लोभ-लालच देकर हिंदू धर्म से ईसाई धर्म में परिवर्तन कराया जा रहा है। इसके बाद युवाओं ने घर के बाहर हंगामा खड़ा कर दिया और धर्म परिवर्तन के विरोध में नारेबाजी शुरू कर दी।



भूना। ढक्की पर बड़ा मोहल्ला में यीशु मसीह के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के बहार विरोध प्रदर्शन करते युवा। फोटो : हरिभूमि

### पुलिस बल मौके पर पहुंचा

विरोध करने वालों राजीव कुमार, राजेंद्र सिंह बलजीत सिह, रवि, अनिल, सुरेश, विजय कुमार आदि का कहना था कि धार्मिक कार्यक्रम के नाम पर बाहरी लोगों को बुलाकर धर्म परिवर्तन की कोशिश की जा रही है, जो किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रदर्शनकारी युवाओं की संख्या अधिक होने के कारण माहौल तनावपूर्ण हो गया, जिसके चलते आयोजकों ने कार्यक्रम को बीच में ही बंद कर दिया। इस पूरे मामले को लेकर बजरंग दल और कार्यक्रम आयोजकों के बीच आरोप-प्रत्यारोप भी सामने आए। आयोजकों ने बजरंग दल के सदस्यों पर योजनाबद्ध तरीके से हंगामा करने का आरोप लगाया, जबकि बजरंग दल के संयोजक अनिल नहरा ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया। उन्होंने कहा कि उन्हें वार्ड के लोगों से धर्म परिवर्तन की सूचना मिली थी, लेकिन विरोध प्रदर्शन में उनकी टीम शामिल नहीं थी। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ओम प्रकाश बिश्नोई पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

## पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

# पत्नी से झगड़े के बाद दो बच्चों के पिता ने कमरे में लगाई फांसी

**फतेहाबाद।** भट्टू रोड स्थित गांव ढिंगसरा में संदिग्ध परिस्थितियों में एक व्यक्ति द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का समाचार है। मृतक दो बच्चों का पिता था और बुधवार रात को उसकी अपनी पत्नी के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। इसके बाद युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। गुरूवार सुबह परिजनों ने उसे कमरे में फांसी पर लटके देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही भट्टूकलां पुलिस की टीम एसएचओ राधेश्याम के नेतृत्व में मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जिला पुलिस की फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर जाकर जांच पड़ताल की।

### पुलिस को किया सूचित

मिली जानकारी के अनुसार 41 वर्षीय बहादुर लुहार गांव ढिंगसरा में अपने परिवार के साथ रहता था। वह शराब पीने का आदी था। बताया जाता है कि शराब को लेकर ही बुधवार रात को उसकी अपनी पत्नी के साथ कहासुनी हुई थी। इसके बाद गुस्साए बहादुर ने कमरे में जाकर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। गुरुवार सुबह परिजन जब कमरे में गए तो उन्होंने बहादुर को फांसी पर लटके देखा। बाद में काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए और पुलिस को सूचित किया गया। गांव ढिंगसरा के सरपंच सुभाष चंद्र का कहना है कि मृतक बहादुर मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता था। उसके परिवार में पत्नी के अतिरिक्त एक बेटी व एक बेटा है।

## दोनो गंभार रूप से घायल, अस्पताल पहुंचाया

# 20 रुपये को लेकर दुकानदार पर हमला बीच-बचाव करने आए भाई को भी पीटा

■ 6-7 लोगों ने मिलकर दोनों भाइयों पर लाठी-डंडों से हमला किया

**टोहाना।** शहर के चंडीगढ़ रोड पर स्थित एक कन्फेक्शनरी की दुकान पर बिल के 20 रुपए को लेकर हुए विवाद में दुकानदार सुमित और उसके भाई कमल पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया गया। इस हमले में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसके बाद उन्हें अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। पीड़ित सुमित ने बताया कि वे रात में दुकान पर काम कर रहे थे, तभी दो लडक़े सामान लेने आए। बिल देने पर उन्होंने 20 रुपए कम दिए। सुमित के मना करने पर एक आरोपी ने गाली-गलौज शुरू कर दी। सुमित ने हाथ जोडक़र मामला शांत करने की कोशिश की, लेकिन आरोपियों ने उन्हें दुकान से बाहर बुलाया और मारपीट शुरू कर दी। जब सुमित का छोटा भाई कमल बीच-बचाव के लिए आया, तो हमलावरों ने कुछ और लोगों को बुला लिया। करीब 6-7 लोगों ने मिलकर दोनों भाइयों पर लाठी-डंडों से हमला किया। सुमित ने बताया कि उसके भाई कमल का जबड़ा टूट गया है और उसे फ्रैक्चर आया है, जबकि उसकी उंगली में चोट लगी है।।

## कार्यक्रम | गांव गुल्लरवाला में डीसी-एसपी का रात्रि प्रवास, ग्रामीणों ने 26 से अधिक समस्याएं रखीं

# उपायुक्त ने दो दिन में जाखल-भूना रोड पर सफेद पट्टी लगाने के दिए निर्देश, रिपोर्ट मांगी

समाधान में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा सरकार की महत्वाकांक्षी पहल रात्रि प्रवास कार्यक्रम के तहत उपायुक्त डॉ. विवेक भारती और पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने बुधवार रात्रि को गांव गुल्लरवाला में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही संबंधित विभागों को त्वरित समाधान के निर्देश जारी किए। रात्रि प्रवास के दौरान ग्रामीणों ने जाखल-भूना रोड पर व्हाइट पट्टी यानि सडक़ मार्किंग न होने की शिकायत उठाई। इस पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दो दिन के भीतर सडक़ पर व्हाइट पट्टी लगाने और इसकी अनुपालन रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय में भेजने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सर्दी के मौसम में घने कोहरे और धुंध के कारण सड़क पर दृश्यता कम हो जाती है, ऐसे में व्हाइट पट्टी का न होना दुर्घटनाओं का बड़ा कारण बन सकता है। इसलिए यह कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए ताकि सडक़ सुरक्षा को मजबूत किया जा सके। शिविर में 26 से अधिक समस्याएं सामने आई, जिनमें राशन कार्ड, बिजली बोर्ड, पेंशन, लाल डोरा रजिस्ट्री, स्वास्थ्य सेवाएं और प्रशासनिक सुविधाओं से जुड़े मुद्दे प्रमुख रहे। उपायुक्त ने सभी शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के आदेश दिए और कहा कि समाधान में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



फतेहाबाद। रात्रि प्रवास कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए डीसी व एसपी। फोटो : हरिभूमि

### ये समस्याएं भी हुई प्राप्त

सरपंच ने की पानी की पुरानी पाइप लाइनों को बदलने व बस सेवा की मांग
इसी दौरान ग्राम सरपंच कमलदीप ने गांव में पीने के पानी की पुरानी पाइप लाइनों को बदलवाने, गांव में बस सेवा शुरू करने, खेल मैदान में एथलेटिक्स ट्रैक बनवाने, गांव में डिस्पेंसरी खोलने, युवाओं के लिए आधुनिक जिम बनवाने, तालाब के नवीनीकरण कार्य को पूरा करवाने की मांग रखी। सरपंच की मांगों पर उपायुक्त ने तुरंत संज्ञान लिया और जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, परिवहन, खेल, स्वास्थ्य, आयुष और पंचायत विभाग सहित संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ये सभी जनहित कार्य प्राथमिकता से पूरे कराए जाएं। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, एडीसी अनुराग ढालिया, टोहाना एसडीएम आकाश शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं ग्राम पंचायत सदस्य उपस्थित रहे।




कमिटमेंट / अंशु सिंह

बच्चो, नया साल आने वाला है। तुमने प्लानिंग शुरू कर दी होगी, इसे कैसे सेलिब्रेट करोगे। नया साल तुम्हारे लिए कैसे बेहतर साबित हो, तुम्हारे क्या नए रेजॉल्यूशन हों। नए साल में तुम ऐसा नया क्या करो, जो तुम्हें खुशी मिले, सफलता की राह बने, जानो।

# न्यू ईयर के लिए डिसाइड करो कुछ अलग रेजॉल्यूशन

बच्चो, नया साल आने ही वाला है। सभी इसकी कुछ न कुछ तैयारी में लगे हैं, ताकि नए साल का जश्न शानदार और यादगार बन सके। बच्चो, तुम सबने भी कुछ प्लानिंग की होंगी। बहुत कुछ सोचा होगा कि नए साल के स्वागत में क्या-क्या करोगे? कहां पार्टी करेंगे, कहां घूमने जाएंगे, परिवार के अलावा दोस्तों के साथ मस्ती कैसे करेंगे? इतना ही नहीं, नए साल में क्या नया रिजॉल्यूशन लेंगे, इसके बारे में भी सोचा होगा। लेकिन ये सब तो आमतौर पर सभी करते हैं। तुम अलग क्या करोगे? ऐसा क्या करोगे, जो तुम्हारे लिए सिर्फ एक दिन या रात का जश्न न हो, बल्कि हर दिन, नए उत्साह और नई उम्मीद से भरा देखें। समस्याओं से कभी घबराएं नहीं। बेवजह गुस्सा न करें, बड़ों की सलाह मानकर आगे बढ़ें। तो बच्चों क्या तुम तैयार हो, ऐसा कुछ करने के लिए?



## जरूरी है इरादों में दृढ़ता

कई बच्चे दोस्तों या बड़ों की देखा-देखी में रेजॉल्यूशन तो ले लेते हैं, लेकिन उसे पूरा करने के लिए जो दृढ़ता चाहिए, वो उनमें नहीं होती है। बच्चो, जब तुम कोई लक्ष्य बनाओ, कोई टारगेट फिक्स करो तो उसे पूरा करने के लिए मेहनत, आत्मविश्वास के साथ मन में दृढ़ता जरूर होनी चाहिए। नए साल में इस बात को ध्यान में रखो।



## पहचानो अपनी खूबी

बच्चो, हर किसी में कोई न कोई खूबी जरूर होती है। तुम्हारे अंदर भी होगी। कई बार इस खूबी को पहचानने में देरी होती है। इसमें टीचर्स, पैरेंट्स, दोस्त या घर के बड़े हमारी मदद करते हैं। भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज गेंदबाज कुलदीप यादव को सभी जानते हैं। अपने चाचा को क्रिकेट खेलते देखकर, उनकी दिलचस्पी इस खेल में हुई। फिर पिता जी ने मोटिवेट किया कि वह पढ़ाई के साथ-साथ क्रिकेट भी खेलें। कुलदीप, पेस बॉलर बनना चाहते थे। लेकिन जब पहली बार कोच के पास पहुंचे, तो उन्होंने उनके अंदर छिपी प्रतिभा को पहचाना और स्पिन गेंदबाजी के लिए प्रेरित किया। पहले थोड़ा झटका लगा। लेकिन वे उन पर विश्वास कर आगे बढ़े और उनका फैसला सही साबित हुआ। बच्चो, नए साल में तुम भी अपने अंदर की खूबी को पहचानो, जैसे तुम्हारे भीतर सिंगिंग, पेंटिंग, डॉसिंग या राइटिंग का टैलेंट हो तो उसे संवारने का संकल्प ले सकते हो। साथ ही दूसरों की खूबियों से नया सीखने की भी कोशिश करो।

## पैरेंट्स के साथ करो खुलकर बातें

बच्चों की एक आम शिकायत रहती है कि पैरेंट्स उन्हें अपने मन का करने नहीं देते। जरूरत से ज्यादा रोकते-टोकते हैं। उन पर भरोसा नहीं करते हैं। अकेले दोस्तों के साथ घूमने जाने या देर रात पार्टी करने से रोकते हैं। दरअसल, पैरेंट्स के ऐसा करने की वजह होती है। वे नहीं चाहते हैं कि तुम्हारे साथ कुछ गलत हो। तुम गलत संगत में पड़ो और फंसो। वे तुम्हें गुमराह होने से बचाना चाहते हैं। पैरेंट्स को तुम्हारी सुरक्षा की चिंता रहती है। बच्चो, इस बात को समझो कि पैरेंट्स अनुभवी होते हैं। उन्हें लोगों की परख होती है। इसलिए तुम्हें उनकी बातें माननी चाहिए। अपनी पसंद या नापसंद के बारे में उन्हें जरूर खुलकर बताओ। डरो नहीं और न संकोच करो। अपने पैरेंट्स से सलाह लेने में कोई हर्ज नहीं है। बात करने से हर प्रॉब्लम का सही सॉल्यूशन निकलता है।

## मानो दोस्तों की सही सलाह

अच्छे दोस्त परिवार के सदस्य की तरह होते हैं, जो अच्छे और बुरे वक्त दोनों में हमें सपोर्ट करते हैं। हमारी खूबियों की सराहना करते हैं, गलत होने पर टोकने से भी पीछे भी नहीं रहते। दोस्तों को इस बात से फर्क नहीं पड़ता कि हमें बुरा लग सकता है, क्योंकि वे हमारे बारे में सिर्फ अच्छा और पॉजिटिव सोचते हैं। जैसे, सिक्स्थ की स्टूडेंट दीपक को जंक फूड के अलावा कुछ और पसंद ही नहीं आता था। इससे उसका वजन बढ़ने लगा। तब उसके दोस्त अनुज ने उसे साइक्लिंग और योगा करने की सलाह दी। दीपक ने उसकी बात मानी। कुछ समय बाद ही असर दिखने लगा। कहने का मतलब है कि जब हम अपनों की बातों को पॉजिटिव तरीके से लेते हैं, तो बदलाव भी हमारे हित में होते हैं। *

## ऐसे सेलिब्रेट करो न्यू ईयर

बच्चो, अगर तुम सोच नहीं पा रहे हो कि न्यू ईयर कैसे सेलिब्रेट करें, तो तुम हमारे सुझाव अमल में ला सकते हो-

- घर पर मजेदार एक्टिविटीज कर सकते हो। तुम ग्लोस्टिक डांस पार्टी के अलावा डीआईवाई क्राफ्ट्स (टोपी, पॉपर्स), स्पार्कलिंग साइडर के साथ आधी रात का नकली काउंटडाउन करके नए साल का जश्न मना सकते हो।
- बैकयार्ड में गेम्स और खाने के साथ बोनफायर अरेंज कर सकते हो।
- परिवार के साथ किसी अच्छी जगह घूमने जा सकते हो। अपने शहर के मॉल में बच्चों के लिए बने जोन में म्यूजिक के साथ थीम वाले इवेंट में शामिल हो सकते हो, तुम्हें बहुत मजा आएगा।
- ऐतिहासिक-सांस्कृतिक स्थलों की सैर कर सकते हो। एडवेंचर पार्क भी जा सकते हो।



टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स

# बीते साल की अचीवमेंट्स नए साल से नई आशाएं

बच्चो, बीत रहा साल हमें कुछ अचीवमेंट्स देकर जाता है, नया साल हमारे भीतर नई आशाएं जगाता है। टीवी के दो चाइल्ड आर्टिस्ट एकदास खान और श्रेया पटेल, बालभूमि को बता रहे हैं कि बीत रहे साल 2025 में उन्होंने क्या अचीव किया, नए साल 2026 से उन्हें क्या आशाएं हैं? साथ ही ये दोनों यह भी बात रहे हैं, न्यू ईयर कैसे सेलिब्रेट करेंगे, इनके क्या रेजॉल्यूशंस हैं।

## मेरे लिए यह साल सुपर-डुपर रहा : अकदास खान



**सन नियो** चैनल के शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' में अकदास खान, सप्पू का किरदार निभा रहा है, जिसे लोग खूब पसंद कर रहे हैं। साल 2025 में इस शो का हिस्सा बनकर अकदास बहुत खुश है। वह बताता है, 'यह साल मेरे लिए सुपर-डुपर रहा। मुझे इतने बड़े शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' में सप्पू का रोल प्ले करने का मौका मिला। मैंने इस साल कैमरे को फेस करना, अच्छे से डायलॉग बोलना और सीन में सही रिएक्शन देना सीखा।' नए साल 2026 के अपने रेजॉल्यूशन के बारे में अकदास बताता है, 'आने वाले साल में मेरा रेजॉल्यूशन है कि मैं सप्पू के रोल को और भी अच्छे से एक्ट करूं। मैं नए साल में डांस, गाना और कुछ एडवेंचर वाली स्किल्स भी सीखूंगा। उम्मीद करता हूं कि नए साल में मुझे बड़े और अच्छे रोल्स मिलेंगे।' न्यू ईयर सेलिब्रेशन की प्लानिंग के बारे में भी अकदास बहुत उत्साहित होकर बताता है, 'इस बार मैं अपने शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' के सभी दोस्तों के लिए छोटे-छोटे न्यू ईयर कार्ड्स बनाऊंगा। मम्मा और मैं घर पर गुब्बारे और छोटी-छोटी लाइट्स भी लगाएंगे। अबकी न्यू ईयर पर घर में और सेट पर हम खूब एंज्वॉय करने वाले हैं। सभी को मेरी तरफ से हैप्पी न्यू ईयर!' *

## नए साल में निखारूंगी अपनी एक्टिंग स्किल : श्रेया पटेल



**इन दिनों** श्रेया पटेल सोनी सब के धार्मिक सीरियल 'गाथा शिव परिवार की - गणेश कार्तिकेय' में सिद्धि का किरदार निभा रही है। उसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। श्रेया के लिए साल 2025 बेहद खास रहा। वह मुस्कुराते हुए बताती है, 'मेरे लिए इस साल की शुरुआत सोनी सब के शो 'तेनाली रामा सीजन-2' से हुई। मुझे खुशी है, इस शो में दर्शकों को मेरा रोल, मेरी एक्टिंग पसंद आई। साल बीतते-बीतते मुझे नया शो 'गाथा शिव परिवार की - गणेश कार्तिकेय' मिल गया, जिसमें मैं सिद्धि का रोल प्ले कर रही हूं। मुझे इस साल नए-नए प्रोजेक्ट्स मिले और खुद को प्रूव करने का अवसर भी मिला। इस लिहाज से देखा जाए तो साल 2025 मेरे लिए बहुत ही खास रहा।' आने वाले साल 2026 से श्रेया को कई उम्मीदें हैं। उसने कुछ गोल्स भी सेट किए हैं, वह बताती है, 'मैं उम्मीद करती हूं, नए साल में मुझे अच्छे शोज में लीड रोल निभाने का मौका मिलेगा। नए साल में मैं एक्टिंग कॉलेज से जुड़कर अपना एक्टिंग स्किल निखारना चाहती हूं।' श्रेया न्यू ईयर कैसे सेलिब्रेट करती है, पूछने पर बताती है, 'नए साल की शुरुआत मैं अपने फैमिली मेंबर्स और फ्रेंड्स को न्यू ईयर विश करके करती हूं। फैमिली के साथ पार्टी करती हूं। बालभूमि के नन्हे दोस्तों को मेरी ओर से नए साल की गुड विशेज।' *

प्रस्तुति : बालभूमि फीचर्स

कविता / राजा चौरसिया

# स्वागत है नव वर्ष तुम्हारा

जा रहा पुराना साल छोड़कर
यादों का अनमोल पिटारा।
हम सब करते हैं अगवानी
स्वागत है नव वर्ष तुम्हारा।
नई उमंगें, नई तरंगें
और चेहरे खिले हुए हैं।
प्रिय बधाइयों, उपहारों के
सबको अवसर मिले हुए हैं।
नजरें तो हैं वही पुरानी
किंतु नया सब ओर नजारा।
हम सब करते हैं अगवानी
स्वागत है नव वर्ष तुम्हारा।
गीत देश के भी गाएंगे
इसको भूल नहीं पाएंगे।
बारह माह सफलताओं का
मनचाहा उत्सव मनाएंगे।
नई सोच की पटरी पर ही
दौड़ेगा उत्साह हमारा।
हम सब करते हैं अगवानी
स्वागत है नववर्ष तुम्हारा।






कहानी
रेनू सैनी

स्पर्श की जैसे सफाई से परहेज था। उसके मम्मी-पापा और दोस्त उसे समझाते, लेकिन उस पर कोई असर नहीं होता। स्पर्श का मौसेरा भाई पंकज, क्रिसमस की छुट्टियों में जब उसके पास आया, तो उसने स्पर्श को सुधारने की सोची। पंकज क्या स्पर्श को सुधार सका?

# नववर्ष का संकल्प



निर्मला मैडम सेवेंथ क्लास के बच्चों को हेल्थ से जुड़ी उपयोगी जानकारी दे रही थीं। उन्होंने बच्चों को बदलते मौसम में फैल रही बीमारियों जैसे वायरल फीवर, टाइफाइड और लूज मोशन के बारे में बताया। बच्चे उनकी बातें ध्यान से सुन रहे थे, लेकिन स्पर्श का ध्यान कहीं और था। वैसे तो वह होशियार बच्चा है, लेकिन उसमें एक बुरी आदत है कि सफाई से दूर रहता है। वह कभी भी ढंग से हाथ नहीं धोता है। यहां तक कि खाना खाने से पहले भी नहीं। स्पर्श के माता-पिता और दोस्त उसे हर तरह से समझा कर थक चुके हैं, किंतु वह किसी की भी नहीं सुनता। उसके कपड़े भी अकसर मैले रहते हैं। यहां तक कि उसकी किताबें, कॉपियां फटी मिलती हैं। पूछने पर उसका जवाब होता है, 'मेरी चीजें मैली या फटी इसलिए होती हैं, क्योंकि मैं इनका सबसे ज्यादा प्रयोग करता हूं। तुम लोगों की तरह नहीं कि हर चीज को शो-पीस बनाकर रखूं।' ऐसे ही किसी के हाथ धोने के लिए कहने पर उसका जवाब होता, 'हाथ तो वही रहेंगे न, धोएं या न धोएं, क्या फर्क पड़ता है?'

स्पर्श की इन बे-सिर पैर की बातों से सभी चिढ़ते हैं। इस बार क्रिसमस की छुट्टियों में स्पर्श की मौसी का बेटा पंकज कुछ दिनों के लिए आया। पंकज उससे बड़ा है। वह बहुत समझदार भी है। स्पर्श के कई दोस्तों से पंकज मिला, उसे इनसे स्पर्श का सफाई से न रहने की आदत के बारे पता चला। पंकज ने मन ही मन नववर्ष से पहले उसकी इस आदत को छुड़ाने का निश्चय किया।

स्पर्श का दोस्त अमन बीमार चल रहा था। पंकज कुछ सोचकर स्पर्श के साथ अमन से मिलने उसके घर गया। दोनों को देखकर अमन को खुशी हुई। वह बोला, 'अच्छा हुआ, तुम लोग आ गए। मेरा मन बहल जाएगा। वैसे अब मैं बिल्कुल ठीक हूं। खांसी-जुकाम हो गया था।'

तभी अमन की मम्मी वहां आकर बोलीं, 'मैं चाय-नाश्ता लेकर आती हूं अभी।'

यह सुनकर पंकज ने स्पर्श से कहा, 'आंटी, रसोई में चाय-नाश्ता तैयार कर रही हैं। तुम जाकर ले आओ।'

स्पर्श तुरंत रसोईघर की ओर चला गया। कुछ देर बाद वह गर्म-गर्म चाय-नाश्ता लेकर आया। स्पर्श नाश्ता शुरू करने वाला था कि अमन ने टोका, 'अरे...अरे... यह क्या कर रहे हो? पहले जाकर अच्छे से हाथ साफ करके आओ।' अमन ने यह भी बताया, 'मेरे एक रिश्तेदार का बेटा इन दिनों बहुत बीमार चल रहा है। उसे टाइफाइड हो गया है। डॉक्टरों ने बोला है कि उसे ठीक होने में समय लगेगा। वह भी बिना हाथ साफ करे चीजें खा लेता है। इसलिए गंदगी के कीटाणुओं ने उसे अपना शिकार बना लिया है। उसके बोर्ड के एग्जाम सिर पर हैं। ऐसे में वह बीमार हो गया है। उसकी पढ़ाई का हर्जा हो रहा है। पता नहीं वह बोर्ड के एग्जाम दे भी पाएगा या नहीं?' अमन आगे बोला, 'बीमार पड़ने से अच्छा है कि पहले से ही साफ-सफाई का ध्यान रखा जाए।'

अमन की बातें सुनकर स्पर्श घबरा सा गया। वह वॉश बेसिन की ओर भागा। जैसे ही वह हाथ धोने गया, पंकज और अमन एक-दूसरे की ओर देखकर मुस्कुराए। दरअसल, पंकज ने ही स्पर्श को जान बूझकर नाश्ता लेने के लिए कमरे से बाहर भेजा था। उसके कमरे से जाते ही पंकज ने अमन को झूठ-मूठ की कहानी बनाने के लिए कहा था। इस कहानी ने अपना काम कर दिखाया।

हाथ धोकर आने के बाद स्पर्श चाय-नाश्ता करते हुए बोला, 'भाई, मेरा तो आने वाले नए साल में यही संकल्प है कि हमेशा कुछ खाने-पीने से पहले अच्छी तरह हाथ धोऊंगा।'

स्पर्श की बात सुनकर पंकज बोला, 'भाई तुम्हारा यह संकल्प तो सारे संकल्पों पर भारी है, क्योंकि स्वच्छता है तो स्वास्थ्य है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क होता है। इस तरह तो तुम हर जगह बाजी मार ले जाओगे।'

पंकज की बात पर अमन और स्पर्श हंस पड़े। कमरे में नाश्ते की खुशबू फैल चुकी थी। तीनों नाश्ते का आनंद लेते हुए यह प्लान करने लगे कि नववर्ष कैसे सेलिब्रेट करेंगे? *

तुम्हारे लिए नई किताब / अनुराग मनींद्र


# प्रेरित करती रोचक कहानियां

बच्चो, तुम्हारे लिए बाल कहानियों का एक संग्रह 'शेर की मूंछ के बाल' कुछ समय पहले छपकर आया है। रेखा शाह आरबी द्वारा लिखी गई इस किताब में चौदह मनोरंजक और शिक्षाप्रद कहानियां संकलित हैं। संग्रह की कहानियों में इंसानी पात्र तो हैं ही, कई कहानियों में जंगल के जीव-जंतुओं को पात्र के रूप में प्रस्तुत किया गया है। किताब की शीर्षक वाली कहानी 'शेर की मूंछ के बाल' मनोरंजक होने के साथ-साथ तुम्हें अपनी गलती का एहसास कर उसे सुधारने की सीख भी देती है। 'टूटी गुल्लक' बहुत ही प्यारी कहानी है, जिसमें तुम पढ़ोगे कि गोलू किस तरह अपने दोस्त राजू की मदद करता है। यह कहानी तुम्हें सच्ची दोस्ती का महत्व समझाएगी। 'गुल्लू का बर्थ-डे' शीर्षक कहानी में गुल्लू अपना बर्थ-डे कुछ इस तरह मनाता है कि उसके सभी दोस्त उससे इंस्पायर होकर तय करते हैं कि वे भी अपना बर्थ-डे ऐसे ही मनाएंगे। यह कहानी तुम्हें अपनी खुशियां जरूरतमंदों के साथ बांटने पर मिलने वाली खुशी का एहसास कराएगी। 'पिंकी का सपना' कहानी में तुम पढ़ोगे कि पिंकी ने किस तरह दादाजी के साथ मिलकर अपने सपने को सच किया। यह कहानी तुममें प्रकृति-प्रेम और पर्यावरण की रक्षा के भाव जगाएगी। इन कहानियों के अलावा 'तोताराम को मिली सीख', 'साबू और शहद', 'तोलू मोलू और करेला', 'पक्की वाली दोस्ती', 'लोमड़ी की चांद ट्रिप टूरिस्ट एजेंसी' कहानियां भी तुम्हें खूब पसंद आएंगी। साथ ही ये कहानियां तुम्हें नैतिक और व्यावहारिक ज्ञान भी देंगी। *




**किताबः** शेर की मूंछ के बाल (बाल कहानी संग्रह), **लेखिकाः** रेखा शाह आरबी, **मूल्यः** 250 रुपए, **प्रकाशकः** साहित्यांजलि प्रकाशन, प्रयागराज

## जीके क्विज-185



1. भारत के राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' की रचना किसने की?
2. ग्लोबल फैमिली डे कब मनाया जाता है?
3. हाल ही में फेमस फुटबॉलर लियोनेल मेसी की विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा का अनावरण कहां हुआ है?
4. किस देश ने जूनियर हॉकी विश्व कप 2025 जीता है?
5. टाइम मैगजीन द्वारा किसे टाइम एंटरटेनर ऑफ द ईयर 2025 चुना गया है?
6. हैदराबाद किस नदी के किनारे बसा है?
7. नवंबर महीने के लिए आईसीसी वूमेन प्लेयर ऑफ द मंथ किसे चुना गया है?
8. भारत के किस राज्य की राजभाषा अंग्रेजी है?
9. भारत के किस राज्य में लोकसभा की सर्वाधिक सीटें हैं?
10. 'भारत भारती' नामक पुस्तक के रचयिता कौन हैं?

बच्चों, जीके क्विज-185 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-184 का उत्तर :** 1.दीपावली, 2.जसप्रीत बुमराह, 3.खान अब्दुल गफ्फार खान, 4.गुजरात, 5.माउंट बेटन, 6.ओडिशा, 7.क्षिप्रा नदी, 8.22 दिसंबर, 9.विनेश फोगाट, 10.पत्रकारिता

**जीके क्विज-184 का सही उत्तर देने वाले :** साकेत-दुर्ग, कबीर-हिसार, उर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, चीनू-रायगढ़, ज्योति-बैकुंठपुर, नीटू-सीतापुर, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-रोहतक

## रंग भरो-192

रंग भरो-192 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




आन्या, दुर्ग


दीक्षांत, रायपुर


दिया, रोहतक


आशना, जांजगीर


हिताक्षी, महेंद्रगढ़


पयोनिधि, अंबिकापुर

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, अंकिता-ईमेल से, अंतरा-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, कोमल-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, अमन-जांजगीर, कुसुम-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, रितेश-बलौदा बाजार

## रंग भरो 193




बच्चो, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में कुछ बच्चे न्यू ईयर सेलिब्रेट कर रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### आभूषण व नकदी चोरी का आरोपी दबोचा

**सिरसा।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने सोने की बालियां व अंगुठी चोरी की की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को काबू किया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि हरीश कुमार पत्र वजीर चंद निवासी जंडीवाली गली खैरपुर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती 2 दिसंबर को घर पर ताला लगाकर किसी काम के सिलसिले में रिश्तेदारी में गया हुआ था। अगले दिन वापस आकर देखा तो घर के मेन गेट का ताला टूटा हुआ मिला घर में प्रवेश कर देखा तो कमरों के ताले टूटे हुए मिले। घर में रखी अलमारी को चेक किया तो उसमें से एक सोने की अंगूठी व एक जोड़ी सोने की बालियां अज्ञात युवकों द्वारा चोरी करके ले जाना पाया गया।

### छीना-झपटी के दो आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** सीआईए सिरसा पुलिस ने पर्स छीना-झपटी की वारदात को अंजाम देने वाले दो युवकों को मात्र चंद ही घंटो में गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार ने बताया कि पीड़ित व्यक्ति मोलू पुत्र ईश्वर सिंह निवासी चावला स्वीट्स सिरसा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीते दिन टाऊन पार्क सिरसा की तरफ जा रहा था। इस दौरन पीछे से दो युवक आए और मेरी जेब में झपटी मारकर पर्स छीन कर मौका से फरार हो गए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने छीना-झपटी का मामला दर्ज कर जांच सीआईए सिरसा पुलिस को सौंपी थी।

### सड़क हादसे में बाल-बाल बचे हैदरवाला के सरपंच

**टोहाना।** शहर के हिसार रोड पर हुए एक सड़क हादसे में गांव हैदरवाला के सरपंच बंसीलाल बाल-बाल बच गए। इस हादसे में उनकी गाड़ी आगे से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। यह घटना टाउन पार्क के सामने बाईपास मोड़ पर हुई। मिली जानकारी के अनुसार सरपंच बंसीलाल की गाड़ी को पीछे से आ रही एक अन्य गाड़ी ने टक्कर मार दी। इस टक्कर से उनकी गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया। संतुलन बिगड़ने के कारण सरपंच की गाड़ी सामने से आ रही एक कार से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि उनकी गाड़ी कई जगहों से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे की सूचना शहर पुलिस को दे दी है, पुलिस की टीम घटना की जांच में जुट गई है। गाड़ी का टायर फटने के बाद रास्ता बंद होने के बाद यातायात भी प्रभावित हुआ।

### हमला कर 30 हजार रुपये छीनने का आरोप

**सिरसा।** शहर के रानियां रोड पर वाहन चालक व उसके साथी पर हमला कर करीब 30 हजार रुपए छीनने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में प्रीत नगर निवासी सुशील कुमार ने बताया कि वह छोटा हाथी लोडिंग का काम करता है। बीते दिवस वह अपने छोटे हाथी में मैट लोड करके रानियां रोड स्थित गोदाम पर मैट उतारने के बाद गोदाम से कुर्सियां लोड कर वापिस गोदाम से चला था। इसी दौरान कुछ युवकों ने मोटरसाइकिल उसकी गाड़ी के आगे लगाकर उसका रास्ता रोक लिया और उसके पांव पर डंडा मारकर गाड़ी की चाबी निकाल ली। सभी लडक़ों ने अपने मुंह पर कपड़े बांध रखे थे। सभी के पास हथियार थे और उसके लोवर की जेब में 30 हजार रुपए थे, जो उन्होंने निकाल लिए।


### धोखाधड़ी से पीड़ित किसान लामबंद

**रतिया।** रतिया क्षेत्र में एक आढ़ती द्वारा किसानों को पहले क्लियर चिट देने के बाद उनके खाली चेकों का गलत इस्तेमाल कर करोड़ों रुपये के झूठे मुकदमे दर्ज करवाने का गंभीर मामला सामने आया है। भारतीय किसान यूनियन (एकता उग्राहा) के जिला प्रधान निर्भय ने कहा कि इस धोखाधड़ी से प्रभावित दर्जनों किसान परिवार आज गहरे आर्थिक और मानसिक संकट से गुजर रहे हैं। इस अन्याय के खिलाफ पीड़ित किसान और किसान यूनियन एकजुट होकर संघर्ष के लिए लामबंद हो गई हैं। 29 दिसंबर को पीड़ित किसान और भारतीय किसान यूनियन (एकता उग्राहां) के नेता एसडीएम रतिया से मुलाकात कर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने की मांग करेंगे।

## शहादत दिवस पर किया नमन, सूरजमल ने जीवन की हर लड़ाई जीती

# महाराजा सूरजमल ने मुगलों के अत्याचार का डटकर किया था मुकाबला: प्रो. गौतम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा


**सिरसा।** शहादत दिवस पर महाराजा सूरजमल को नमन करते लोग।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के हिसार विभाग के प्रचार प्रमुख प्रोफेसर डॉ. गौतम सुथार ने कहा कि महाराजा सूरजमल ऐसे योद्धा थे जिन्होंने जीवन की हर लड़ाई जीती और मुगलों के अत्याचार के खिलाफ हमेशा डटकर खड़े रहे। अहमद शाह अब्दाली जैसे शासकों को भी महाराजा सूरजमल ने मुंह तोड़ जवाब दिया था।

प्रो. गौतम सुथार गुरुवार को सिरसा जिले के गांव फूलकां में महाराजा सूरजमल के शहादत दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। प्रो. गौतम ने कहा कि 25 दिसम्बर का दिन महाराज सूरजमल की जीवन गाथा का प्रतीक है। उनके शौर्य, धैर्य और प्रताप की कहानी आज भी इतिहास के स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज है। जब मराठों और मुगलों की राजनीति उत्तर भारत में शक्ति का खेल खेल रही थी, तब महाराजा सूरजमल सिर्फ सिंहासन नहीं, बल्कि जनता की अस्मिता और सम्मान के प्रहरी बनकर खड़े हुए।

पानीपत के तीसरे युद्ध में जब मराठाओं की सेना टूटी, भूख-बीमारी से जूझती रही, तब भी महाराजा सूरजमल ने जाति-धर्म-द्वेष से ऊपर उठकर इंसानियत का परिचय दिया। 25 दिसम्बर 1763 को दिल्ली के निकट यमुना-हिंडन दोआब में यह शूरवीर योद्धा दुश्मन के धोखे का शिकार होने के कारण वीरगति को प्राप्त हुआ।

प्रो. गौतम सुथार न युवाओं को जागरूक करते हुए 'जागो हिंद के शेरो' गीत सुनाया और सिख धर्म के शहीदी दिवस को याद करते हुए उनकी शहादत को भी नमन किया। उन्होंने कहा कि अपने राष्ट्र के लिए शहादत देने वाले वीरों को सच्ची श्रद्धांजलि तभी सार्थक होगी जब हम वर्तमान दौर में समाज के अंदर फैली कुरीतियों को खत्म कर सकें। उन्होंने आह्वान किया कि जहां हमें जात-पात से ऊपर उठकर एकजुट होना होगा, वहीं पर्यावरण बचाव के भी प्रयास करने होंगे।

### अतिथियों को पगड़ियां पहनाकर सम्मानित किया

*उधर, भारतीय जाट विकास मंच के तत्वाधान में वीरवार को स्थानीय जाट धर्मशाला में हिंदू हृदय सम्राट महाराजा सूरजमल के बलिदान दिवस पर कार्यक्रम हुआ। इस दौरान अतिथियों व सदस्यों ने महाराजा सूरजमल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके बलिदान को याद किया। इस कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों को भारतीय जाट विकास मंच की तरफ से पगडियां पहना कर सम्मानित किया गया। डॉ. राजेंद्र कड़वासरा ने महाराजा सूरजमल के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए आज के समय में ऐसे महान योद्धाओं के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि महाराजा सूरजमल ने सामाजिक समरसता को विशेष तौर पर अहमियत दी थी। उन्होंने मुगलों और अंग्रेजों को अनेक बार पराजित कर अपने साम्राज्य का विस्तार किया। भारतीय जाट विकास मंच के प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट हनुमान गोदारा ने कहा कि भारतीय जाट विकास मंच सामाजिक समरसता के आधार पर गतिविधियों का आयोजन समय-समय पर करता है। उन्होंने मंच द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों व आगामी गतिविधियों को लेकर विस्तार से बताया।*

### महाराजा सूरजमल की बड़ी प्रतिमा लगाई जाएगी

*उन्होंने कहा कि आगामी 13 फरवरी को भी महाराजा सूरजमल की जयंती पर मंच के बैनर तले कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए योगदान देने वाले सभी सहयोगियों का विशेष रूप से आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि जल्द ही महाराजा सूरजमल चौक पर महाराजा सूरजमल की बड़ी प्रतिमा लगाई जाएगी। इसी प्रकार विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभाने वाले लोगों को मंच की तरफ से विशेष सम्मान दिया गया। इस मौकेपरराजबीर कुशवाह, बार एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट गंगाराम ढाका, जिला पार्षद नंद लाल बैनीवाल, एडवोकेट हरी सिंह सहारण, शिशपाल झोरड़, अनिल डागर, बीमला कस्वां, कल्पना झोरड, सच्ची देवी जैलदार, जाट धर्मशाला सभा के उप प्रधान रामजी लाल धेतरवाल, ऐलनाबाद बार एसोसिएशन के सचिव विरेंद्र भादू आदि मौजूद रहे।*

## न्यूज डायरी


**सिरसा।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्य रेलवे स्टेशन पर जरूरतमंदों को कंबल बांटते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### जिला रेडक्रॉस सोसायटी ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**सिरसा।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा वीरवार को जरूरतमंद व्यक्तियों को कंबल वितरित किए गए। जिला रेडक्रॉस सोसायटी सिरसा के सचिव लाल बहादुर ने बताया कि भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा, चंडीगढ़ से सर्दी से बचाव हेतु कंबल प्राप्त हुए हैं। सोसायटी द्वारा स्थानीय रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, टाउन पार्क के आसपास, रैन बसेरा तथा झुग्गी-झोपड़ियों में सर्दी से परेशान लोगों को वितरित किए गए। इसके अलावा, रात्रि में इन स्थानों पर ठहर रहे लोगों को आर्य स्कूल सिरसा के सामने स्थित रैन बसेरा में भेजा गया, ताकि वे सुरक्षित रूप से सर्दी से बच सकें। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे जरूरतमंद व्यक्ति खुले आसमान के नीचे सोने के बजाय प्रशासन द्वारा बनाए गए रैन बसेरों का उपयोग करें। उन्होंने बताया कि आर्य स्कूल सिरसा के सामने स्थित रैन बसेरा में महिलाओं व पुरुषों के लिए अलग-अलग हाल/कमरे उपलब्ध हैं, जहां कुल 40 बेड लगे हुए हैं। साथ ही नहाने के लिए गर्म पानी और पीने के लिए विशेष रूप से आर.ओ. की सुविधा भी उपलब्ध है। इस अवसर पर रेडक्रॉस स्टाफ से उप अधीक्षक पवन राणा, सहायक राहुल अरोड़ा तथा चालक सुभाष चंद्र भी उपस्थित रहे।

### भट्टूकलां व फतेहाबाद में पुलिस ने चलाया तलाशी अभियान, डॉग स्क्वॉड व कमांडो टीम रही साथ

**फतेहाबाद।** भट्टूकलां एवं थाना सदर फतेहाबाद पुलिस द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर सघन तलाशी अभियान चलाया गया। थाना भट्टूकलां प्रभारी उपनिरीक्षक राधे श्याम ने बताया कि थाना क्षेत्र के संवेदनशील एवं संदिग्ध स्थानों पर डॉग स्क्वॉड एवं कमांडो टीम की सहायता से तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान गलियों, सार्वजनिक स्थलों, सुनसान इलाकों एवं अन्य संभावित ठिकानों की बारीकी से जांच की गई। अभियान के दौरान पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई तथा किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना मिलने पर तुरंत आवश्यक कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई से क्षेत्र में असामाजिक तत्वों में हडक्रंप का माहौल देखने को मिला। थाना सदर फतेहाबाद क्षेत्र में प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद के नेतृत्व में पुलिस टीम ने डॉग स्क्वॉड एवं कमांडो दस्ते के साथ मिलकर गहन तलाशी अभियान चलाया।

### राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर ली जागरूकता की शपथ

**ओढां।** जिला विधिक प्राधिकरण के दिशा-निर्देशानुसार गुरूवार को राजकीय वरिष्ठ सीनियर सकेंडरी स्कूल बप्पां में राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया गया। मुख्य वक्ता नरेश कुमार ग्रोवर ने बताया कि प्रत्येक नागरिक एक उपभोक्ता है और उसे सुरक्षा का अधिकार, जानकारी का अधिकार, चयन का अधिकार, शिकायत निवारण का अधिकार तथा उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार प्राप्त है। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अधिकारों के साथ-साथ उपभोक्ताओं के कर्तव्य भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं, जैसे कि खरीद पर बिल लेना, गुणवत्ता की जांच करना, भ्रामक विज्ञापनों से सावधान रहना, अनावश्यक वस्तुओं की खरीद से बचना तथा पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार व्यवहार अपनाना। विद्यालय मुखिया प्रकाश सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को प्रारंभिक अवस्था से ही उपभोक्ता जागरूकता का ज्ञान देना अत्यंत आवश्यक है, ताकि वे भविष्य में सजग, जिम्मेदार और ईमानदार नागरिक बन सकें।

### डॉ. सौरभ ने बने आईएमए के जिला प्रधान

**सिरसा।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के जिला प्रधान डॉ. सौरभ वालिया ने पदभार संभाल लिया है। वीरवार को स्थानीय आईएमए हॉउस में हुई प्रेरसिडेंशियल डिनर-कम- इंस्टालेशन सेरिमनी में निवर्तमान जिलाध्यक्ष डॉ. गौरव मेहता, सचिव डॉ. तनुज मेहता ने उन्हें आगामी वर्ष के लिए जिलाध्यक्ष का पदभार सौंपा। डॉ. सौरभ वालिया ने अपने संबोधन में सभी निवर्तमान पदाधिकारियों व सभी चिकित्सकों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि आगामी वर्ष में उनका प्रयास रहेगा कि चिकित्सकों व मरीजों के बीच चिकित्सीय संबंधों में सुधार हो। उनका पूरा प्रयास रहेगा कि जिले में कार्यरत सभी निजी चिकित्सकों के हितों की रक्षा की जाए।

### हरियाणा सिविल पैंशनर्ज की मासिक बैठक 27 को

**फतेहाबाद।** हरियाणा सिविल पैंशनर्ज वैलफेयर एसोसिएशन फतेहाबाद की मासिक बैठक प्रधान हरबंस लाल सेठी की अध्यक्षता में 27 दिसम्बर शनिवार सांय 3:30 बजे बाल भवन फतेहाबाद में होगी। यह जानकारी देते हुए प्रधान हरबंस लाल सेठी व सचिव मदन गोपाल नारंग ने बताया कि इस बैठक में पैंशनर्ज की समस्याओं बारे जानकारी ली जाएगी। उन्होंने अनुरोध किया है कि जिन सदस्यों को किसी प्रकार की समस्या है वे लिख कर लाए ताकि उनका समाधान संबंधित विभागों से करवाया जा सके। बैठक में कैशलैस, एलटीसी बारे जानकारी दी जाएगी तथा 17 दिसम्बर को करनाल में हुई स्टैट बॉडी की मीटिंग बारे जानकारी भी दी जाएगी। बैठक में जिन पैंशनर्ज का दिसम्बर मास में जन्मदिन है उनका जन्मदिन भी मनाया जाएगा।

## इनकम टैक्स रिफंड के नाम पर साइबर ठगी से सावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

▪ फर्जी ईमेल, एसएमएस और नकली वेबसाइट्स से हो रहा आईटीआर स्कैम, वरिष्ठ नागरिक विशेष रूप से निशाने पर

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने आमजन को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के नाम पर हो रहे साइबर फ्रॉड को लेकर सतर्क रहने की सलाह दी है। हाल ही में सामने आया है कि साइबर अपराधी फर्जी ईमेल, एसएमएस और नकली वेबसाइट्स के माध्यम से 'आईटीआर स्कैम' को अंजाम दे रहे हैं, जिसमें विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों को निशाना बनाया जा रहा है।

एसपी ने बताया कि ठग इनकम टैक्स विभाग के नाम पर टैक्स रिफंड का लालच देते हैं, केवाईसी अपडेट के बहाने लिंक भेजते हैं या पेनल्टी और कानूनी कार्रवाई की धमकी देकर लोगों को डराते हैं। ऐसे संदेशों में जल्दबाजी की भाषा का इस्तेमाल कर लोगों को फर्जी लिंक पर क्लिक करने या अटैचमेंट डाउनलोड करने के लिए उकसाया जाता है। जैसे ही कोई व्यक्ति लिंक पर क्लिक करता है, उसकी निजी जानकारी, बैंक डिटेल्स, पासवर्ड और ओटीपी साइबर अपराधियों के हाथ लग जाते हैं, जिसके बाद खातों से बड़ी रकम निकाल ली जाती है। पुलिस अधीक्षक ने साइबर एक्सपर्ट्स का हवाला देते हुए बताया कि फर्जी मैसेज की पहचान डराने वाली भाषा, असामान्य जल्दबाजी, गलत स्पेलिंग और गैर-सरकारी ईमेल आईडी से की जा सकती है। आमजन को यह समझना बेहद जरूरी है कि कोई भी सरकारी विभाग कभी भी फोन कॉल, एसएमएस या ईमेल के जरिए ओटीपी, पासवर्ड, बैंक विवरण या लॉगिन आईडी नहीं मांगता। उन्होंने स्पष्ट किया कि आयकर से संबंधित सभी कार्य केवल आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ही किए जाने चाहिए। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक करने से पहले उसकी सत्यता अवश्य जांचें और अपनी लॉगिन डिटेल्स को पूरी तरह गोपनीय रखें।

## नशा मुक्ति अभियान : इंजेक्शन से नशा करने वाले 11 पीड़ित चिन्हित

### टीम ने फतेहाबाद व टोहाना में किया सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** क्षेत्र में युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक करती नशामुक्ति टीम। *फोटो : हरिभूमि*

जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ निरंतर और प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में नशा मुक्ति टीमों द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में गहन सर्वे कर नशा पीड़ितों को चिन्हित करने के साथ-साथ उन्हें उपचार की ओर प्रेरित किया गया। एसआई सुंदर के नेतृत्व में नशा मुक्ति टीम फतेहाबाद द्वारा अशोक नगर, फतेहाबाद क्षेत्र में विशेष सर्वे अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने आमजन से संवाद कर नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी और समाज से नशा उन्मूलन में सहयोग की अपील की। सर्वे के दौरान इंजेक्शन के माध्यम से नशा करने वाले 3 ड्रग पीड़ितों को चिन्हित किया गया। तीनों पीड़ितों की मौके पर काउंसलिंग कर उन्हें नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से समझाया गया। काउंसलिंग उपरांत पीड़ितों को आयुर्वेदिक दवाएं उपलब्ध करवाई गईं तथा उन्हें नागरिक अस्पताल में भर्ती होकर समुचित इलाज लेने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त पहले से चिन्हित 5 नशा पीड़ितों को भी पुनः काउंसलिंग के बाद आयुर्वेदिक दवाएं प्रदान की गई। टबूटा बस्ती व ढेहा बस्ती, टोहाना में गहन सर्वे के दौरान इंजेक्शन की लत से पीड़ित 4 युवाओं को चिन्हित किया गया, जिनमें से एक युवक की हालत गंभीर पाई गई।

### पीड़ितों से उपचार में सहयोग का आह्वान

*टीम ने सभी पीड़ितों और उनके परिजनों की काउंसलिंग कर समय रहते इलाज की आवश्यकता बताई। चारों परिवारों ने पीड़ित युवाओं को आगामी दिन सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाने का आश्वासन दिया। इसके अलावा वार्ड नंबर 2, टोहाना में युवाओं को नशे की समस्या के प्रति जागरूक किया गया तथा नशे से दूर रहने और नशा पीड़ितों के उपचार में सहयोग करने का आह्वान किया गया। टोहाना आईटीआई के छात्रों को भी इस सामाजिक बीमारी से दूर रहने और पीड़ित युवाओं को अस्पताल तक पहुंचाने में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही शहर टोहाना के दो निजी अस्पतालों के चिकित्सकों से भेंट कर नशा मुक्ति अभियान में उनकी भूमिका और सहयोग पर भी चर्चा की गई।*

## विकास को लेकर विधायक ने मंत्री गंगवा से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा


**सिरसा।** विधायक भरत सिंह बेनीवाल मंत्री गंगवा से मुलाकात करते हुए।

ऐलनाबाद विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर विधायक भरत सिंह बेनीवाल ने लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिक मंत्री रणवीर गंगवा से मुलाकात की। इस दौरान क्षेत्र में अधूरी पड़ी विकास योजनाओं, नई सडक़ों के निर्माण, पुरानी सडक़ों की मरम्मत तथा पेयजल से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। विधायक ने मंत्री के समक्ष ऐलनाबाद क्षेत्र की जमीनी स्थिति रखते हुए कहा कि लंबे समय से कई सडक़ें जर्जर अवस्था में हैं, जिससे आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### मुख्य मार्गों के नवीनीकरण की मांग

*विधायक भरत सिंह बेनीवाल ने बताया कि ऐलनाबाद क्षेत्र कृषि प्रधान है और यहां के किसानों को अपनी उपज मंडियों तक पहुंचाने में खराब सडक़ों के कारण समय और खर्च दोनों ज्यादा लगते हैं। बरसात के मौसम में हालात और भी खराब हो जाते हैं, जब सडक़ों पर गहरे गड्ढे और जलभराव के चलते आवागमन बाधित हो जाता है। उन्होंने मांग रखी कि गांवों को जोडने वाली संपर्क सडक़ों के साथ-साथ मुख्य मार्गों का भी नवीनीकरण किया जाए। इसके साथ ही विधायक ने जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिक विभाग से संबंधित पेयजल योजनाओं का मुद्दा भी उठाया। मंत्री रणवीर गंगवा ने विधायक की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि ऐलनाबाद क्षेत्र के विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सडक़ों और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल्द ही संबंधित क्षेत्रों का निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार की जाए, ताकि कार्य शुरू किए जा सकें।*

## डीएवी पुलिस स्कूल ने अंतरराष्ट्रीय गीता संवाद स्पर्धा में राज्यस्तर पर पाया द्वितीय स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय गीता संवाद प्रतियोगिता में राज्यस्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे सिरसा जिले को गौरवान्वित किया है। इस अद्वितीय उपलब्धि ने विद्यालय की श्रेष्ठ शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को एक बार फिर सिद्ध किया है।

### सफलता विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम : दहिया

*विद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र सिंह दहिया ने इस उल्लेखनीय सफलता पर विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं संपूर्ण विद्यालय परिवार को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि बच्चों का यह प्रदर्शन विद्यालय के अनुशासित वातावरण, नैतिक मूल्यों तथा सतत प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय सदैव विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा के साथ भारतीय संस्कारों से जोड़ने का कार्य करता है और यह उपलब्धि उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्राचार्य दहिया ने बताया कि प्रतियोगिता तीन चरणों खंड स्तर, जिला स्तर और राज्य स्तर पर हुई थी। विद्यार्थियों ने खंड स्तर पर प्रथम स्थान, जिला स्तर पर तृतीय स्थान और अंततः राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान अर्जित किया।*


**सिरसा।** मंत्री श्याम सिंह राणा प्रेम कुमार को सम्मानित करते।

## सुरक्षा शाखा प्रभारी प्रेम कुमार हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

सुशासन दिवस पर सुरक्षा शाखा प्रभारी सब इंस्पेक्टर प्रेम कुमार को कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। गौरतलब है कि उपनिरीक्षक प्रेम कुमार इससे पूर्व सीआईए सिरसा में प्रभारी रह चुके हैं। सीआईए सिरसा प्रभारी रहते हुए प्रेम कुमार ने नशा तस्करों व अपराधी किस्म के लोगों पर शिकंजा कस कर अपराधियों को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। उत्कृष्ट व सहरानीय कार्य कर आमजन में पुलिस विभाग की बेहतर छवि बनाने में अहम भूमिका निभाई है। सुरक्षा शाखा प्रभारी प्रेम कुमार अपनी कार्य कुशलता और मैत्रीपूर्ण व्यवहार के लिए जाने जाते हैं। इससे पूर्व भी वे सहरानीय कार्यों के कारण सम्मानित की जा चुके हैं। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत व पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन मुख्य रूप से मौजूद रहे।

**जयंती** अटल जयंती पर हुई विचार गोष्ठी में भाजपा नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

# अटल बिहारी वाजपेयी का भारतीय लोकतंत्र में योगदान अमिट, अविस्मरणीय: यतींद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर वीरवार को भाजपा के जिला कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस मौके पर पार्टी जिलाध्यक्ष एडवोकेट यतींद्र सिंह ने अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व, दूरदर्शी नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का भारतीय लोकतंत्र में योगदान अमिट एवं अविस्मरणीय है। उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, लोकतांत्रिक मूल्यों, सहमति की राजनीति और सुशासन का प्रेरणादायी उदाहरण रहा है। एडवोकेट यतींद्र सिंह ने कहा कि अटल जी के जन्मदिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाना हम सभी के लिए उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने, लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाने तथा जनसेवा के संकल्प को पुनः दोहराने का अवसर है। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने भरे सदन में जो सपना देखा था कि एक दिन पूरे भारत में कमल ही कमल खिलेगा, वह सपना आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल, दूरदर्शी और दृढ़ नेतृत्व में साकार होता हुआ दिखाई दे रहा है। इससे पूर्व अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती की पूर्व संध्या पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सिरसा भाजपा के सरसाई कमल कार्यालय में उनके चित्र के समक्ष श्रद्धापूर्वक पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित किए व महिला कार्यकर्ताओं द्वारा आकर्षक रंगोली भी बनाई गई। इसके पश्चात एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

### वाजपेयी जी का जीवन प्रेरणा का स्रोत

विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष एडवोकेट यतींद्र सिंह ने कहा कि अटल जी केवल एक प्रधानमंत्री नहीं थे, बल्कि वे विचार, संवाद, शालीनता और लोकतांत्रिक मर्यादाओं के सशक्त प्रतीक थे। उन्होंने राष्ट्र निर्माण के साथ-साथ मानवीय संवेदना और सहमति आधारित राजनीति को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। भारत राष्ट्र उन्हें सदैव कृतज्ञता और सम्मान के साथ स्मरण करता रहेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के पूर्व ओएसडी जगदीश चोपड़ा ने अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा।

### इन्होंने चित्र पर पुष्प अर्पित किए

इस कार्यक्रम में रोहताश जांगड़ा, रतनलाल बामनिया, मनीष सिंगला, बलदेव सिंह मांगेआना, राजेंद्र सिंह देसूजोधा, देवराज मोयल, एडवोकेट कपिल सोनी, जसविंद्र पाल पिंकी, सुमन सैनी, गणेश चांवरिया, सुनील बामनिया, जनकराज शेरपुरा, गुरुदेव राही, डॉ. गंगासागर केहरवाला, रविंद्र चौहान, संजय मोंगा सहित सिरसा जिले के अनेक वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं ने वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

## खबर संक्षेप

### महिला सुरक्षा पुलिस की प्राथमिकताः राजबाला

**रतिया।** थाना सदर रतिया द्वारा सरकारी स्कूल लाली, रतिया में विद्यार्थियों के बीच महिला सुरक्षा एवं अपराध रोकथाम को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। महिला उपनिरीक्षक राजबाला ने बच्चों को महिला-विरोधी अपराधों, ऑनलाइन सुरक्षा, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा सार्वजनिक स्थानों पर सतर्क रहने के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### सेंट जोसफ इंटरनेशनल स्कूल में मनाया क्रिसमस

**टोहाना।** भूना रोड स्थित सेंट जोसफ इंटरनेशनल स्कूल में क्रिसमस उत्सव का आयोजन किया गया। प्राचार्या मारिरयालीन लुईस ने बताया कि इस अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई, जिसमें प्रभु यीशु के जीवन, उनके कार्यों पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि क्रिसमस का पर्व हमें प्रेम, शांति और एकता का संदेश देता है। हमें अपनी मेहनत और अच्छाई के साथ एक दूसरे की मदद करनी चाहिए। कार्यक्रम में स्कूल के छात्रों, अध्यापकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उप प्राचार्या कुलदीप कौर ने कहा कि उत्सव का उद्देश्य क्रिसमस के संदेश को फैलाना रहा।

### राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**रतिया।** जिला खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता विभाग द्वारा राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर शहर के कन्या महाविद्यालय, गांव ब्राह्मण वाला सहित रतिया क्षेत्र के विभिन्न राशन डिपों पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता विभाग के रतिया इंचार्ज यादविंदर सिंह ने बताया कि उपभोक्ता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों का उद्देश्य आम उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना रहा।

### शहीदी सप्ताह पर निकाली प्रभातफेरी

**रतिया।** दसवें पातशाह श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज जी के प्रकाशोत्सव को समर्पित प्रभातफेरी सेवा सोसायटी द्वारा संगत के सहयोग से पिछले काफी दिनों से प्रभातफेरियों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें संगत बढ़ चढ़ कर शामिल हो रही है। जैसे जैसे सर्दी बढ़ रही है वैसे वैसे संगत भी प्रभातफेरी में शामिल हो रही है।

### वाइस चेयरमैन ने किया मंडी का निरीक्षण

**रतिया।** मार्केट कमेटी के नवनियुक्त वाइस चेयरमैन कुलवंत सैनी में आज मार्केट कमेटी कार्यालय व अनाज मंडी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान व्यापारियों द्वारा अनाज मंडी में सफाई व लाइट व्यवस्था को दुरुस्त करवाने सहित अन्य मांग रखी। इसके बाद वाइस चेयरमैन सैनी ने कार्यालय में आकर सचिव राजकुमार व अन्य कर्मचारियों की बैठक ली। उन्होंने मार्केट कमेटी सचिव राजकुमार को अनाज मंडी व कमेटी कार्यालय में सफाई को दुरुस्त करने तथा समय पर कार्यालय में पहुंचाने व व्यापारियों और किसानों की समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए।

## सुशासन दिवस पर जिला स्तरीय समारोह का आयोजन

# अब लोगों को घर बैठे मिल रहा योजनाओं का लाभ : बबली

मुख्य अतिथि सांसद रेखा शर्मा कार्यक्रम में नहीं पहुंच सकी, पूर्व मंत्री ने किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

सुशासन दिवस के अवसर पर स्थानीय डीपीआरसी हॉल में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चीफ गेस्ट के तौर पर राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने भाग लेना था लेकिन वह कार्यक्रम में नहीं पहुंची। इस पर आज के कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली शामिल हुए। कार्यक्रम में पूर्व विधायक दुड़ाराम व बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा विशेष तौर पर मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सुशासन दिवस पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृतियों को दर्शाती लघु फिल्म दिखाई गई। इसके साथ ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के संदेश को भी सुनाया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि सुशासन का अर्थ एक ऐसी व्यवस्था से है जिसमें पारदर्शिता, जवाबदेही सुनिश्चित हो और योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। अटल बिहारी वाजपेयी के शब्दों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि सुशासन का मतलब है जनता का शासन, जो आज भी शासन व्यवस्था के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत है। यह दिन भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के रूप में मनाया जाता है, जिन्होंने अपने जीवन और कार्यों से देश को सुशासन की स्पष्ट दिशा दी। उन्होंने कहा कि अटल जी का मानना था कि शासन का उद्देश्य जनता की सेवा होना चाहिए और प्रत्येक निर्णय जनहित में लिया जाना चाहिए। पूर्व कैबिनेट मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में सुशासन को एक नया आयाम मिला है। डिजिटल इंडिया, जन-धन योजना, डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर, आयुष्मान भारत और स्वच्छ भारत अभियान जैसी योजनाओं के माध्यम से शासन को सरल, सुलभ और पारदर्शी बनाया गया है, जिससे आम नागरिकों को सीधे लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सुशासन तभी सफल होगा जब भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाए, गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं को प्राथमिकता दी जाए तथा हर नागरिक को सम्मान और समान अवसर मिले। उन्होंने सुशासन दिवस के अवसर पर ईमानदारी, पारदर्शिता का महत्व बताया।





फतेहाबाद। सुशासन दिवस पर धर्मेन्द्र बल्हारा व पुलिस पीआरओ विनोद कुमार को सम्मानित करते पूर्व मंत्री देवेंद्र बबली। फोटो : हरिभूमि

### पूर्व प्रधानमंत्री को किया नमन

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक दुड़ाराम व भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने कहा कि सरकार सुशासन के अपने संकल्प को पूरी ईमानदारी से निभा रही है। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर सुशासन दिवस की शुरुआत कर जो संकल्प लिया था उसे लगातार निभा रहे हैं तथा पारदर्शी शासन व्यवस्था दे रही हैं। उन्होंने कहा कि आज पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिन है। यह अपने आप में एक पावन दिवस है और सुशासन दिवस मनाने के लिए आज से बेहतर कोई अवसर नहीं हो सकता है।

### पुलिस पीआरओ को किया सम्मानित

सुशासन दिवस के अवसर पर उप-तहसीलदार फतेहाबाद विकास, उप-तहसीलदार भूना कृष्ण कुमार, उपायुक्त कार्यालय की शिकायत शाखा से धर्मेन्द्र लिपिक, एडीसी कार्यालय से संदीप कुमार, पुलिस विभाग से सहायक उपनिरीक्षक विनोद कुमार को जिला स्तरीय अवार्ड प्राप्त करने पर स्मृति चिह्न व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। पीआरओ के रूप में विनोद कुमार द्वारा पुलिस अभियानों की जानकारी को सर्व सुलभ करवाया गया।

## फुले जयंती को राष्ट्रीय शिक्षिका दिवस घोषित करने की मांग



फतेहाबाद। बैठक में भाग लेते हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के पदाधिकारी।

- अध्यापक संघ ने बैठक में की मांग, डीईओ को सौंपे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने 3 जनवरी को सावित्रीबाई फुले के जन्मदिन को राष्ट्रीय शिक्षिका दिवस घोषित करने की मांग की है। इसको लेकर संघ द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। यह निर्णय आज यहां हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा जिला कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान राजपाल मिताथल ने की तथा संचालन जिला सचिव देसराज माचरा ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए राज्य उपमहासचिव कृष्ण नैन ने कहा कि अध्यापक स्कूल टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर बजट सत्र में प्रस्तावित संसद पर धरना प्रदर्शन में पूरी तैयारी के साथ भागीदारी करेंगे। इसके अलावा 1 जनवरी को सावित्रीबाई फुले के जन्मदिन पर 3 जनवरी को राष्ट्रीय शिक्षिका दिवस घोषित करने बारे कन्वेंशन की जाएगी।

3 जनवरी को सावित्रीबाई फुले के जन्मदिन को राष्ट्रीय शिक्षिका दिवस घोषित करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक में आगामी सत्र में प्रवेश हेतु अभियान चलाने की प्लानिंग बनाई गई। शिक्षकों पर थोपी जा रही टेट परीक्षा का पुरजोर विरोध किया जाएगा।

### गैर शिक्षक कार्य का किया विरोध

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार अध्यापकों को ज्यादा से ज्यादा गैर शैक्षणिक कार्यों में लगाए रखती है, जिसका खामियाजा गरीब बच्चों को भुगतना पड़ता है। यहां तक कि आवारा पशुओं व कुत्तों को भगाने व पकड़ने के लिए अध्यापकों को नोडल बनाया गया है, जिसका अध्यापक संघ पुरजोर विरोध करता है। अध्यापक नेताओं ने कहा कि अभी तक मिड डे मील व पार्ट टाइम स्वीपर को मानदेय नहीं मिला है।

## चार साहिबजादों की शहादत पर सिख संगत ने चलाया दूध का लंगर

- ढाणी जाखनदादी के लोगों ने की राहगीरों की सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया



रतिया। लंगर सेवा चलाते सिक्ख संगत।

चार साहिबजादों की महान शहादत को नमन करते हुए शहर की सिख संगतों द्वारा शहर के सभी बाजारों में आने जाने वाले राहगीरों के लिए दूध के लंगर चलाकर गुरु गोबिंद गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों की शहादत को नमन किया गया।

ढाणी जाखनदादी की संगत द्वारा भी सहनाल रोड पर आने-जाने वाले राहगीरों के लिए दूध व बिस्कुट का लंगर लगाकर सेवा की गई। इस सेवा कार्य में बड़ी संख्या में संगत ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और श्रद्धा भाव से राहगीरों को प्रसाद वितरित किया।

सदस्यों ने बताया कि दिसंबर महीने के कड़ाके की ठंड में गुरु गोबिंद सिंह जी के चार साहिबजादों ने धर्म और देश की रक्षा के लिए छोटी उम्र में ही सर्वोच्च बलिदान दे दिया था। साहिबजादों की शहादत धर्म और न्याय के लिए सर्वोच्च त्याग का प्रतीक है। उनकी इस शहादत को हम भूल नहीं सकते।

### तुलसी पूजन दिवस पर आर्यभट्ट स्कूल के बच्चों ने मंदिर में की पूजा

**फतेहाबाद।** तुलसी पूजन दिवस के उपलक्ष्य में बीघड़ रोड स्थित आर्यभट्ट सीनियर सेंकेडरी स्कूल के विद्यार्थियों को श्री वैष्णो देवी पिण्डी मन्दिर में ले जाया गया। यहां मंदिर में नमन करने के बाद मंदिर के पुजारी सचिन शास्त्री ने बच्चों को तुलसी मैया की महिमा के बारे में बताया। शास्त्री ने बताया कि उनके पिछले जन्म में उनका नाम वृंदा था। वो राक्षस कुल में थी लेकिन उनके कर्म अच्छे थे और वो पतिव्रता थीं। उनके पूर्व जन्म के अच्छे कर्मों के कारण ही उनका तुलसी के रुप में जन्म हुआ। उन्होंने बताया कि 25 दिसम्बर को तुलसी पूजन दिवस के रुप में मनाया जाता है। शास्त्री ने बच्चों को बताया कि हमारे हाथों में भागवान विष्णु माता लक्ष्मी और सरस्वती जी का वास होता है।

## पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति की बैठक में फैसला, 20 को सम्मेलन

- बीमा क्लेम का समय पर न मिलना, सेम, नकली खाद और बीज की बिक्री जैसे मुद्दे छाये रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। बैठक में भाग लेते किसान नेता।

पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति, हरियाणा के ब्लॉक फतेहाबाद की महत्वपूर्ण बैठक आज किसान रेस्ट हाउस, फतेहाबाद में संपन्न हुई। आज हुई बैठक की अध्यक्षता किसान संघर्ष समिति के राज्य अध्यक्ष मनदीप नथवान ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि 20 जनवरी को ब्लॉक स्तर का किसान सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन को सफल बनाने के लिए समिति द्वारा गांव-गांव जाकर किसानों को जागरूक करने का अभियान चलाया जाएगा। इसके अलावा बैठक में किसानों से जुड़े गंभीर मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई, जिनमें प्रमुख रूप से फसल बीमा की समस्या, बीमा क्लेम का समय पर न मिलना, सेम (जलभराव) की समस्या, तथा बाजार में नकली खाद और बीज की बिक्री जैसे मुद्दे शामिल रहे।



सिरसा। बाबा भूमणशाह के 278वें महापरिनिर्वाण दिवस पर हवन यज्ञ करते हुए बाबा ब्रह्मदास।

### बाबा भूमणशाह के महापरिनिर्वाण दिवस लगा शिविर

**सिरसा।** मुख्य डेरा बाबा भूमणशाह, ग्राम बाबा भूमणशाह संघरसाधा में उदासीन संत बाबा भूमणशाह के 278वें महापरिनिर्वाण दिवस पर वीरवार को डेरे में श्री अखंड पाठ का शुभारंभ किया गया। इसके अलावा हवन यज्ञ में गद्दीनशीन संत बाबा ब्रह्मदास महाराज व श्रद्धालुओं ने आहुति डाली। बाबा ब्रह्मदास महाराज ने हवन यज्ञ की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें जीवन में हर शुभ अवसर पर हवन यज्ञ का आयोजन करना चाहिए, जिससे वातावरण शुद्ध व भक्तिमय होता है। इस अवसर पर फ्री चिकित्सा शिविर का भी शुभारंभ बाबा ब्रह्मदास महाराज ने किया। महापरिनिर्वाण दिवस पर आयोजित होने वाले धाूमक कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए देश-विदेश से श्रद्धालु ढोल की थाप पर बाबा भूमणशाह के जयकारों के साथ पहुंचना शुरू हो गए हैं।

## क्रिसमस पर श्रद्धालुओं ने की चर्च में प्रार्थना, प्रभु के मंगल गीत सुनाए

- सेंट जोन मैथोडिस्ट चर्च में प्रार्थना सभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

क्रिसमस के उपलक्ष्य में वीरवार को सेंट जोन मैथोडिस्ट चर्च में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। चर्च के पादरी कमल पाल ने चर्च में श्रद्धालुओं को प्रभु ईशा मसीह की प्रार्थना करवाई। चर्च परिसर में मेला आयोजित किया गया। जहां पर बच्चों और महिलाओं ने खरीददारी की। क्रिसमस दिवस पर सेंट जोन मैथोडिस्ट चर्च में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चर्च के पादरी कमल पॉल व फादर मनजीत मसीह ने चर्च में श्रद्धालुओं को प्रभु ईशा मसीह की प्रार्थना करवाई। उन्होंने श्रद्धालुओं को प्रभु ईशा मसीह के जीवन के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि प्रभु ईसा मसीह ने धरती पर अवतार लेकर लोगों की भलाई की, उन्हें सच्चाई के रास्ते पर चलना सिखाया। इससे पूर्व श्रद्धालुओं ने चर्च परिसर में चरणी स्थल पर मोमबत्ती जलाकर मंगल कामना की।



सिरसा। क्रिसमस डे पर सेंट जोन मैथोडिस्ट चर्च में प्रार्थना करते हुए श्रद्धालु।

## वीआईपी प्रीमियम सिम के नाम पर ठगी का आरोपी गिरफ्तार

- 5750 रुपये लेकर सिम उपलब्ध न करवाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

वीआईपी सिम के नाम पर ठगी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए भट्टूकलां पुलिस ने दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नकदी बरामद की है। थाना भट्टूकलां के प्रभारी उपनिरीक्षक राधे-श्याम ने बताया कि शिकायतकर्ता बलदेव पुत्र कान्हा राम निवासी गांव मानावाली ने 19 जून को थाना में उपस्थित होकर अपना बयान दर्ज कराया। शिकायतकर्ता ने बताया कि 13 जून को वह अपने निजी मोबाइल फोन पर फेसबुक चला रहा था, जहां उसने वीआईपी प्रीमियम नंबर की सिम बेचने संबंधी एक विज्ञापन देखा। विज्ञापन पर संपर्क करने पर एक नाम-पता अज्ञात व्यक्ति ने उससे संपर्क किया और सिम उपलब्ध करवाने के नाम पर ऑनलाइन भुगतान की मांग की। आरोपी के कहने पर शिकायतकर्ता ने विभिन्न क्यूआर कोड के माध्यम से अपने गूगल-पे खाते से कुल 5,750 की राशि ऑनलाइन ट्रांसफर कर दी। इसके बाद आरोपी द्वारा और पैसे तथा ओटीपी की मांग की जाने लगी, जिससे शिकायतकर्ता को धोखाधड़ी का संदेह हुआ। शिकायतकर्ता के बयान के आधार पर थाना भट्टूकलां में 19 जून को धारा 318(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। इस मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस द्वारा इस मामले में एक आरोपी को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है। अब इसी मामले की जांच के दौरान पुलिस ने दूसरे सह-आरोपी दीपांशु निवासी नजदीक दुर्गा मंदिर, सिरसा को गिरफ्तार किया है।

### कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने संबोधित किया

# जन समस्याओं का त्वरित व नीतिगत रूप से निपटान ही सुशासन

प्रदेश के लोगों को ऑनलाइन मिल रहा सुविधाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि जन समस्याओं के त्वरित समाधान का रास्ता नीतिगत रूप से करना सुशासन है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने समस्याओं के समाधान के लिए नीतियां बनाई, इसलिए उनकी स्मृति में उनके जन्मदिवस 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। मंत्री श्याम सिंह राणा गुरुवार को सिरसा में सुशासन दिवस पर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मंत्री ने कहा कि सभी को अपनी ऊर्जा सही दिशा में लगानी है ताकि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में हमारे प्रयास तेजी से आगे बढ़ें। सरकार ने सुशासन के तहत ही किसानों की फसल का भुगतान डायरेक्ट किसानों के बैंक खाते में पहुंचाने की व्यवस्था की और अब खाद को भी मेरी फसल-मेरा ब्यौरा से जोड़ा गया है। इसका ट्रायल पंचकूला में किया गया, जिसके बाद 12 प्रतिशत यूरिया और आठ प्रतिशत डीएपी की डिमांड घट गई। उन्होंने कहा कि देश को विकसित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण योगदान स्वदेशी का रहेगा, इसलिए प्रत्येक देशवासी को स्वदेशी वस्तुओं की खरीददारी पर ध्यान देना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसलिए स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए प्रयास किए हैं ताकि विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार ने बिना पर्ची बिना खर्ची की नीति बनाई, जिसके बाद होनहार युवाओं को मेरिट पर नौकरियां मिली, जबकि पूर्ववर्ती सरकारों में ऐसा सिस्टम नहीं था। तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सिस्टम में बदलाव कर पारदर्शी सुशासन की व्यवस्था दी। मंत्री राणा ने सिरसा में सेम की समस्या पर कहा कि वे इस मामले में गंभीर हैं। आठ गांव सेम की समस्या में है, ये मामला उनके संज्ञान में हैं।



सिरसा। सुशासन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते मंत्री श्याम सिंह राणा।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर एडीसी वीरेंद्र सहरावत, पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन, जिला परिषद के सीईओ डा. सुभाष चंद्र, सीटीएम अजय कुमार, भाजपा डबवाली जिलाध्यक्ष रेणू शर्मा, मुख्यमंत्री के पूर्व ओएसडी जगदीश चोपड़ा, शीशपाल कंबोज, अमीर चंद मेहता, हनुमान कुंडू, राजेंद्र सिंह देसूजोधा, पार्षद सुमन शर्मा, बलदेव सिंह मांगेआना, वीरेंद्र तिन्ना, संदीप मेहता, विकास शर्मा, डीएसपी संदीप सिंह, डीआरओ संजय कुमार, डीडीए डा. सुखदेव सिंह, जिला मत्स्य अधिकारी जगदीश चंद्र सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

